सुविचार
खुद में झांकने के लिए जिगर चाहिए वरना दूसरों की शिनाख्त में तो हर शख्स माहिर है।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करें -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-46 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 22 दिसम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## सार्वजनिक सड़क पर लापरवाही से वाहन चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी जानिए/legal advice.....

अगर कोई व्यक्ति उतावलेपन से सार्वजनिक रोड पर गाड़ी चलाता है और वह गिर जाता है या तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते समय आपनी गाड़ी को एक दम से मोड़ने लगता है या सार्वजनिक सड़क पर अंधा-धुनध तरीके से गाड़ी चलाता है जिससे जन जीवन मे संकट उत्पन्न होने की संभावना हो तब ऐसे व्यक्ति पर क्या कार्यवाही होगी जानिए ।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 279 की परिभाषा ?**

जो कोई व्यक्ति किसी लोक- मार्ग पर जानबूझकर लापरवाही से कोई वाहन चलाएगा, या बैल गाड़ी, घोड़ा गाड़ी पर सवार होकर उतावलापन से भगाएंगा जिससे किसी के जीवन में संकट उत्पन्न होने की संभावना होगी तब लापरवाही से वाहन चलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ़ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 279 के अंतर्गत मामला दर्ज होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 279 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधानः** इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है **सजा-** इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम छः माह की कारावास या एक हजार रुपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष का एकजुटता पर जोर



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले भाजपा अपने संकल्पों को पूरा करने को प्राथमिकता देगी। नवनिर्वाचित विधायकों से कहा गया है कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन जैसे कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें। लोकसभा चुनाव से पहले जनता के बीच बेहतर प्रदर्शन कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में जी जान से जुट जाएं। बुधवार देर शाम भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने विधायक दल की बैठक ली। बैठक में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भागीदारी की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का विश्वव्यापी समारोह होना है, इसमें देशभर से लोग जुटेंगे, मध्य प्रदेश से अधिक से अधिक लोगों को अयोध्या में लाने ले जाने की बेहतर व्यवस्था हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हो गई है। यात्रा में विधायक भी अपने-अपने क्षेत्र में एकजुटता के साथ शामिल हों। विधानसभा चुनाव में बेहतर परिणाम मिले हैं, अब लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटना है। इस चुनाव में हारना-जीतना तो हो गया है, लेकिन अब सकारात्मक सोच के साथ काम करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचितों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। हितानंद ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा विधानसभा क्षेत्र में विधिवत होनी चाहिए। नेता मौजूद रहते हैं तब तक अधिकारी भी सक्रिय रहते हैं, नहीं तो वे भी रुचि नहीं लेते हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करें कि यात्रा विधिवत संपन्न हो।

## लापरवाही द्वारा किसी भी प्रकार का संक्रमण रोग फैलाने वाले व्यक्ति पर क्या कार्रवाई होगी जानिए/legal advice...



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

संक्रामक रोग कीटाणुओं द्वारा वायुमंडल के माध्यम से किसी अन्य व्यक्तियों में फैलता है अतः कह सकते हैं कि इस रोग को फैलाने के लिए किसी व्यक्ति का रोगी के संपर्क में आना आवश्यक नहीं है जैसे कि कोरोना,हैजा, प्लेग आदि अर्थात संक्रामक रोग अप्रत्यक्ष रूप से हवा द्वारा फैलते है द्व अगर कोई व्यक्ति लापरवाही या नजर-अंदाज करके कोई संक्रामक रोग फैलाता है तो उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज हो सकता है जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 269 की परिभाषा ?**

जो कोई व्यक्ति उपेक्षापूर्ण ,लापरवाही द्वारा जानते हुए कोई संक्रामक रोग फैलाता है जिससे की किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को शारीरिक क्षति होने की संभावना हो या जिसके कारण कोई संकटपूर्ण स्थिति बनने वाली हो तब येसा व्यक्ति भारतीय दण्ड संहिता की धारा 269 के अंतर्गत दोषी होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 269 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान ?**

इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है **सजा-** इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम छः माह की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया कैंसर अस्पताल का औचक निरीक्षण



**भोपाल।** शहर के ईदगाह हिल्स में स्थित जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल का मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने बुधवार रात 11 बजे औचक निरीक्षण किया। यहां मरीज एवं स्वजनों का हालचाल जाना तो वहीं विश्रामालय में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। बता दें कि तीन दिन में दूसरी बार मुख्यमंत्री किसी अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। विगत सोमवार को ही उन्होंने हमीदिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था जहां मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए डाक्टरों को निर्देश भी दिए थे।

### डाक्टरों को दिए निर्देश

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव बुधवार रात करीब 11 बजे ईदगाह हिल्स स्थित जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल पहुंचे। यहां स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और डाक्टरों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के निर्देश भी दिए। यहां उन्होंने कैंसर के विभिन्न प्रकारों से जूझ रहे रोगियों को ढाढस भी बंधाया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## डोनेट फार देश के लिए कांग्रेस शुरू करेगी अभियान



भोपाल। आनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान डोनेट फार देश को प्रदेशभर में लागू किया जाएगा। सभी जिला और ब्लाक कांग्रेस इकाइयां इसमें सहभागिता करेंगी। मध्य प्रदेश के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को 1380 रुपये का योगदान अनिवार्य रूप से देना होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने प्रदेश के सभी जिला, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, अखिल भारतीय कांग्रेस एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि, मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष को पत्र जारी कर अभियान में सहभागिता सुनिश्चित के लिए कहा है। अभियान कांग्रेस पार्टी की 138 साल की यात्रा की याद दिलाता है। इसके तहत हम सभी समर्थकों को 138 से लेकर 1380 रुपये से अधिक की राशि दान करने के लिए आमंत्रित किया गया है। 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस तक यह कार्यक्रम आनलाइन होगा। इसके बाद घर-घर जाकर प्रत्येक बूथ में कम से कम दस घरों से न्यूनतम निर्धारित राशि का योगदान करना सुनिश्चित है। केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर अभूतपूर्व हमला कर आश्चर्यजनक रूप से संसद के राज्य सभा और लोकसभा के 142 सदस्यों को निलंबित करने के विरोध में 22 दिसंबर को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन होगा।

# दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे पीएम मोदी, 19 हजार करोड़ रुपये की देंगे सौगात



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसदीय क्षेत्र वाराणसी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर पीएम मोदी वाराणसी और पूर्वांचल के लिए 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की 37 परियोजनाओं का शुभारंभ और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को वाराणसी में संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के सभी लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए समय दे रहे हैं। यहां (वाराणसी) के सांसद के नाते मेरा भी दायित्व बनता था कि मुझे भी उस कार्यक्रम में समय देना चाहिए। आज मैं सांसद के रूप में, आपके सेवक के रूप में आप ही की तरह इस यात्रा में हिस्सा लेने आया हूं। वाराणसीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ÷देश के सभी लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए समय दे रहे हैं, जा रहे हैं। यहां(वाराणसी) के सांसद के नाते मेरा भी दायित्व बनता था कि मुझे भी उस कार्यक्रम में समय देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे देश में सरकारें तो बहुत आई, योजनाएं भी बहुत बनीं, बड़ी-बड़ी बातें हुईं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा'शिविर लगाकर 700 से अधिक लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण 121 हितग्राहियों के बने आयुष्मान कार्ड

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 17 दिसंबर को जिले में 10 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 700 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष्मान कार्ड , आभा आईडी बनाने के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की जांच कर उपचार दिया गया । साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इन शिविरों में आई ई सी मोबाइल द्वारा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई है। शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने, आयुष्मान कार्ड वितरण , आभा आईडी , टी बी स्क्रीनिंग सहित विभिन्न सेवाएं दी जा रही हैं। पात्रतानुसार वंचित हितग्राहियों को सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए शिविर आयोजन के पूर्व मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र में शिविरों के संबंध में प्रचार प्रसार किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 17 दिसंबर को भोपाल के शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में सीहोर नाका विसर्जन घाट एवं वार्ड क्रमांक 5 में दशहरा मैदान स्कूल के पास शिविर आयोजित किए गए। ग्रामीण क्षेत्र अन्तर्गत बैरसिया विकासखंड में गुनगा, कलारा, मनीखेड़ी एवं करोंदिया एवं फंदा विकासखंड में तुमड़ा , बरखेड़ा बोंदर , मुबारकपुर एवं पटनिया में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में 700 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण





किया गया । शिविर में 121 आयुष्मान कार्ड बनाए गए । साथ ही 138 आभा आईडी बनाई गई। स्वास्थ्य शिविरों में उच्च 559 लोगों की उच्चरक्तचाप एवं 412 लोगों की मधुमेह की जांच की गई । 328 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। हब एंड स्पोक मॉडल के तहत 168 हितग्राहियों की निशुल्क पैथोलॉजी जांच की गई है । इन शिविरों के लिए चिकित्सकों, नर्सिंग ऑफिसर ,एएनएम आशा सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है । इसके साथ ही शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन ,नेत्र रोग एवं अन्य रोगों के विशेषज्ञों की ड्यूटी भी लगाई गई है। स्वास्थ्य शिविरों में निशुल्क दवाइयां एवं हब एंड स्पोक मॉडल के अंतर्गत निशुल्क जांच की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है । शिविरों में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टी बी रोग के लक्षण, रोकथाम, उपचार निदान एवं बीमारी के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रचार प्रसार , प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन एवं पंजीकृत निक्षय मित्रों का सम्मान , टी बी रोगियों से कंसेंट, टीबी लक्षणों की ऑन स्पॉट स्क्रीनिंग, निश्चय पोषण योजना अंतर्गत बैंक अथवा पोस्ट ऑफिस खातों के लंबित प्रकरणों का निराकरण, क्षय रोगियों की जांच किए जाने हेतु सैंपल एकत्रित कर शिविर स्थल पर ही ट्रूनाट मशीन से जांच करवाई जा रही है। आरोग्य साथी ऐप डाउनलोड करवा कर जनजागरूकता , आभा आई डी बनाने , आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत योजना के लाभ एवं उपलब्धियां तथा आयुष्मान एप के द्वारा कार्ड निर्माण की प्रक्रिया का प्रदर्शन, आयुष्मान कार्ड बनाकर उनका वितरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं दी जा रही है।

शिविरों में असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की स्क्रीनिंग की गई। लक्षण पाए गए मरीजों की निकटतम हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उच्च स्वास्थ्य संस्थाओं पर उपचार हेतु रेफर किया गया है। सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या की यूनिवर्सल स्क्रीनिंग, विवाह एवं गर्भाधान के पूर्व की परामर्श सेवाएं, सिकल सेल एनीमिया पॉजीटिव पाए गए मरीज को स्वास्थ्य केंद्र में पंजीयन की सेवाएं भी शिविरों में दी जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकीय, पैरामेडिकल एवं मैदानी स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है । शिविरों में चिकित्सा अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, आरबीएसके दल द्वारा 4 डी अंतर्गत चिह्नांकित बच्चों का प्रबंधन,नर्सिंग ऑफिसर द्वारा औषधि वितरण एवं ब्लड सैंपलिंग, टी बी कर्मचारियों द्वारा स्क्रीनिंग एवं जांच उपरांत चिन्हित मरीजों का उपचार , निश्चय मित्रों का पंजीयन, पीएमटीबीएमबीए हेतु मरीजों का कंसेंट लेना एवं ट्रूनॉट मशीन से जांच, कुष्ठ इकाई द्वारा कुष्ठ रोग स्क्रीनिंग एवं चिह्नांकित मरीजों का उपचार , एमपीडब्ल्यू द्वारा परिवार कल्याण के स्थाई साधन के लिए इच्छुक दंपतियों की सूची तैयार कर परामर्श प्रदान करना एवं अस्थाई साधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण, 30 वर्ष से अधिक की उम्र के हितग्राहियों की एमसीडी पोर्टल पर स्क्रीनिंग एवं उपचार की पोर्टल पर प्रविष्टि , आभा आई डी का निर्माण एवं ऑर्गन डोनेशन के फॉर्म भरवाने हेतु प्रेरित करना , एएनएम द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, आशा कार्यकर्ता द्वारा स्थानीय स्तर पर शिविरों का प्रचार प्रसार एवं हितग्राहियों को प्रेरित करने, आयुष्मान कार्ड की ईकेवायसी कर आयुष्मान कार्ड वितरित करने के कार्य किए जा रहे हैं।

## नरेंद्र सिंह तोमर होंगे 16 वीं विधानसभा के अध्यक्ष जनसमस्याओं का निराकरण और राज्य का सर्वांगीण विकास पहला दायित्व

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर सर्वसम्मति से 16वीं विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। बुधवार को उन्हें सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव ने विधानसभा अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। माननीय विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने पद ग्रहण करने के बाद सदन को दिए अपने पहले संबोधन में कहा कि उनकी ईमानदार कोशिश रहेगी कि वे सदन के सभी सदस्यों की अपेक्षाओं एवं गौरवमयी इतिहास के अनुरूप दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। उन्होंने सर्वसम्मति से अपने निर्वाचन पर पक्ष एवं विपक्ष के सभी सदस्यों का हृदय से आभार प्रकट किया।अध्यक्ष पद के लिए तोमर के नाम का प्रस्ताव मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भूपेंद्र सिंह ने रखा। इसके अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय



सिंह, डॉ राजेंद्र कुमार सिंह और जयवर्धन सिंह की ओर से भी तोमर के नाम का प्रस्ताव रखा गया। इसका समर्थन क्रमशः नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रहलाद पटेल, राजेंद्र शुक्ल, रामनिवास रावत, हेमंत कटारे और तुलसी सिलावट ने किया। माननीय अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आसंदी से अपने पहले उद्बोधन में कहा कि सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति पहले मैदान में काम करता है फिर किसी संस्था या संगठन से जुड़ता है, और जब वह संगठन उसे अवसर प्रदान करता है तो वह जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह करता है। उन्होंने कहा कि चाहे हम संगठन में कार्य करें या जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करें हम सभी का उद्देश्य एक ही होता है, जनसमस्याओं का निराकरण , राज्य का सर्वांगीण और संतुलित विकास। अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की यह खूबसूरती है कि यहां पक्ष और विपक्ष दोनों हैं। हम यह भी जानते है कि संसदीय परंपरा में पक्ष के बिना विपक्ष अधूरा है और विपक्ष के बिना पक्ष अधूरा है। पक्ष और विपक्ष लोकतंत्र के दो स्तंभ हैं। दोनों को कदम से कदम मिला कर चलना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। इस आसंदी पर रहते हुए प्रयास यह रहेगा कि मेरी निगाह और नजर हर सदस्य पर रहे और हर सदस्य को उसका अधिकार प्राप्त हो। तोमर ने कहा कि यह हमारा यह सदन गौरवशाली सदन है। पं. कुंजीलाल दुबे जी से लेकर गिरीश गौतम जी तक एक लंबी यात्रा है और इस लंबी यात्रा में मुझ से पूर्व अध्यक्षों ने अनेक प्रकार के मानदंड स्थापित किए है, परंपराएं स्थापित की है। उन्होंने अपने-अपने कार्यकाल में अपने-अपने तरीके से इस सदन का गौरव बढ़े इसके लिए प्रयास किए हैं। मेरी इमानदार कोशिश होगी की मैं आप सभी की अपेक्षाओं के अनुरूप एवं सदन के गौरवमयी इतिहास के अनुरूप अपने दायित्व का निर्वहन करूंगा। निर्वाचन के उपरांत अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर का नाम विधानसभा अध्यक्ष के लिये सर्वमान्य रहा। उनके व्यक्तित्व का ही प्रभाव है कि उनके नाम को सभी दलों ने स्वीकारा और उन्हें समर्थन दिया। उनका सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव, सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण और सबको साथ लेने की क्षमता उन्हें सर्वमान्य बनाती है। तोमर के पुरुषार्थ, परिश्रम, विनम्रता और सहज सरल स्वभाव से सदन गौरवान्वित है। निश्चित ही उनके अध्यक्षीय दायित्व निर्वहन से सदन की गरिमा में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि देश की आजादी के अमृत काल में लोकतंत्र के इस मंदिर में अध्यक्ष तोमर के ज्ञान, कौशल एवं अनुभव का लाभ प्राप्त होगा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर एक व्यक्ति नहीं एक संस्था हैं। सुदीर्घ राजनीतिक अनुभव की पूंजी उनके पास है।

## सीजेआई सर्वोच्च न्यायालय चंद्रचूड़ के अनुसार पत्रकारों से समाचार का सूत्र पूछने का अधिकार किसी को भी नहीं है

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**



देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को जमकर निशाना साधा और चेतवानी भी दी । मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि संविधान के आर्टिकल 19 और 22 के तहत पत्रकारों के मूल अधिकारों की स्वतंत्रता के खिलाफ पुलिस या न्यायाल किसी भी पत्रकार के समाचार का सूत्र नही पुछ सकती है । तब तक जब तक कि पत्रकारों के खिलाफ बिना जांच और पुख्ता सबूत के दर्ज मुकदमे और गवाही की जांच नही हो जाती है । नए पत्रकारों को इस कानून जानकारी नहीं है । आज कल देखा जा रहा है कि पुलिस पत्रकारों की स्वतंत्रता हनन कर रही है क्योंकि अधिकांश मामलों में पुलिस खुद को श्रेष्ठ बनाने के लिए पुलिस द्वारा ऐसा किया जाता है ।जिस संबंध में उच्च न्यायालय ने अब अपने कड़े रुख दिखाने पर कहा है अगर पुलिस ऐसा करती पाई जाती है तो फिर कोर्ट की अवमानना का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है।

## रेड रिबन इकाई द्वारा एड्स दिवस का 01-15 दिसम्बर (पखवाड़ा )कार्यक्रम का समापन शासकीय महाविद्यालय में हुआ संपन्न

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़।**

उदयपुरा। शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा रायसेन में विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यलाय की रेड रिबन इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नु बड़कुड़ द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। एवं उन्होंने एड्स जैसी घातक बीमारी से बचाव एवं रोकथाम विषय पर व्याख्यान दिया तत्पश्चात महाविद्यालय के रेड रिबन इकाई /कार्यक्रम प्रभारी श्री सत्येन्द्र कुमार आठिया ने एचआईवी एड्स के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने हेतु सभी स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को अभिप्रेरित किया एवं रेड रिबन से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कार्यक्रम का संचालन श्री ओपी वर्मा द्वारा किया गया जिन्होंने एड्स के प्रति शारीरिक स्वास्थ्य व जन जागरूकता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में एड्स जैसी घातक बीमारी के संबंध में सामाजिक जन जागरूकता के



उद्देश्य से महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा रेड रिबन चिन्ह की मानव श्रृंखला बनाई एवं रंगोली चित्रित की गई । महाविद्यालय के रेड रिबन इकाई/ कार्यक्रम प्रभारी द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई यह रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुए नगर में स्थित शहीद स्मारक पर एड्स से मृत व्यक्तियों को कैंडल जलाकर छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पुनःयह रैली मुख्य मार्गो से होते हुई महाविद्यालय के नवीन भवन जाकर संपन्न हुई। इस जन जागरूकता रैली में महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी श्री पंकज आर्य, डॉ पार्वती व्याघ्रे, डॉ. श्याम नेमा ,श्री प्रतीक लोधी,श्री श्याम प्रजापति एवं सभी स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी भागीदारी प्रदान की।



## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत घर में अकेला था पहले ही हो गई थी बड़े भाई की मौत।।

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़।।

देवरी। आय दिन मध्य प्रदेश में विभिन्न मौत के सिलसिले सामने आ रहे है। ग्राम पंचायत साईखेड़ा तहसील देवरी का मामला है जहां प्रेमनारायण त्रिपालिया के पुत्र लक्ष्मण त्रिपालिया नामक युवक होशंगाबाद में प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करता था भोपाल से होशंगाबाद वह अपने एक दोस्त के साथ मोबाइल लेने के लिए गया था भोपाल से लौटते समय रोड पर एक ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घर में छाया मातम। सभी दोस्तों ने अपने दोस्त को दी अंतिम विदाई। चिकित्सा विभाग का छात्र था लक्ष्मण त्रिपालिया पहले वह उदयपुरा में काम करता था लेकिन यहां से होशंगाबाद चला गया। होशंगाबाद प्राइवेट हॉस्पिटल में लगभग 15 से 20 दिन काम करने के बाद वह अपने दोस्त के साथ भोपाल गया था जहां पर यह हादसा हो गया। यह मामला पहला नहीं है, जहां पर उदयपुरा क्षेत्र के नौजवानों की अकस्मात मृत्यु हो रही है ऐसे कई मामले सामने आए हैं। लक्ष्मण त्रिपालिया को सभी दोस्तों ने आश्रुपूर्ण अंतिम विदाई दी।


## प्रजापति सामाजिक कुप्रथा को बंद ओर कुछ सुधार युवाओं को मिला मुखियों का आशीर्वाद

**देवरी/उदयपुरा।** उदयपुरा के ग्राम बोरास नर्मदा जी के आँचल में समाज में व्याप्त कुप्रथा को समाप्त करने के सम्बंध में प्रजापति समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों में श्री परषोतम जी बडकुर सगोरिया, श्री चूरामन जी बडकुर जमाडा, श्री मन्नूलाल जी पटेल गोरास, श्रीखेमचंद जी बडकुर सड्रूमर, श्री शंकरलाल जी बडकुर नोनियाबरेली, श्री प्रहलाद जी पटेल पलोहा बडा,श्री गोविंद जी बडकुर इमलिया कढेली श्री शंकरलाल जी मेहतर पद वीकौर, श्री पप्पू जी मेहतर पद देवरी एवं मुन्नालालजी मेहतर पद वीकौर, की अध्यक्षता में प्रजापति समाज एक जुट होकर महत्वपूर्ण पहल की गई। समाजसेवी.... श्री रामदास प्रजापति जी .ने श्री हरीश प्रजापति जी ने जानकारी देते हुए बताया उदयपुरा, बरेली, देवरी, सिलवानी, करेली,नरसिंहपुर, पिपरिया, रायसेन, तेंदूखेड़ा,बकतरा, समस्त प्रजापति समाज के लोगों ने समाज में चल रही विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर विचार विमर्श किया गया तथा निम्न कुरीतियों को बंद तथा कुछ में सुधार करने पर जोर दिया गया।

(1) म्रत्युभोज घर-परिवार बहिन भांजी तक सिमित रहेगा कोई सामाजिक दबाव नहीं डालेगा।

(2) शराब पीकर समाज में या शादी विवाह में गदर करने पर समाज से बहिष्कार किया जाएगा।

(3) पच (चोंक) प्रथा में सिर्फ गुड भिजबाया जाएगा और महिलाएं नहीं जाएंगी केवल वच्चे ही जाएंगे।



(4) जेवाखाई में कपडे केवल सगै संबंधियों तक सिमित रहेंगे।

(5) न्योता प्रथा पूर्ण रुप से बंद रहेगी सिर्फ ससुराल पक्ष दहरी छुटाएगा।

(6) सिमित म्रत्युभोज में भी नारियल प्रथा बंद रहेगी उसकी जगह 11 या 21 रुपये पुष्प के सांथ दे सकते हें ।

(7) छोटे छोटे अपराध जैसे बिलैया कांड या गिलहरी कांड पर नर्मदा स्नान कर सत्यनारायण भगवान की कथा कर कन्या भोज बिना सलाह के करा सकता है।

(8) बतेशा डलिया पूर्ण रूपसे बंद रहेगीं।

(9) छ: मासी प्रथा सगे संबंधी तक सिमित रूप से रहेगी। प्रजापति युवा संगठन के सभी सदस्यों के अपार कड़ी मेहनत समाज के प्रति लग्न से एक पहल पर जीत हुई। संगठन के सदस्य ,श्री रामदास प्रजापति, श्री गणेश (बिट्ठु)श्री मोहन प्रजापति, ,श्री केदार प्रजापति,श्री बंटी प्रजापति, श्री परमानंद राज प्रजापति,श्री प्रहलाद प्रजापति, श्री प्रीतम प्रजापति, श्री रमेश प्रजापति,श्री गोकुल प्रजापति, श्री केशव प्रजापति, श्री गौरव प्रजापति, श्री संतोष प्रजापति,श्री भगवान प्रजापति, ,श्रीरामजी बीतली, तेजराम प्रजापति चिरह,श्री कमलेश प्रजापति बगवार,श्री हेमराज प्रजापति सिलवानी,श्री राम जी प्रजापति , गजेन्द्र सिंह बीतली ,गनेश जी मऊ

**केदार जी माल्हनवाड़ा**

बलराम सर ,पावन मसाब,गणेश नरसिंहपुर , राजू चिचली , एडवोकेट पंकज बनखेड़ी , तीरथ बनागर , कामलेश उड़नी , घनश्याम परसवाड़ा ,धनराज बारहा , शंकर ठेकेदार बरेली ,दसरथ मुआर ,सोबरन कामती रबी शंकर आलीबाड़ा, प्रीतम इमलियाऔर साथी ,,,

# दोस्त ही निकले दोस्त के कातिल। जंगल में मिला कंकाल पुलिस कर रही है जांच।

**देवरी से संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़ ।**



देवरी। मामला दिल दहला देने वाला है नगर परिषद देवरी जिला रायसेन में विगत 2 वर्ष माह पहले 15 वर्षीय छात्र प्रांजल नाथ का मामूली झगड़ा उसके स्कूल में दोस्तों के साथ हुआ था इस झगड़े के चलते वह अपनी जान से हाथ धो बैठा। अपने माता-पिता से बाजार से सामान लाने की कह कर बोल कर गया था लेकिन वह घर नहीं लौटा तब घर वालों ने पुलिस में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज की काफी दिन बीतने के बाद पुत्र का कोई सुराग नहीं मिला तब उन्होंने खुद इसकी छानबीन शुरू कर दी। माता-पिता को थी पूरी जानकारी पुलिस को जानकारी देने के बाद भी खोज नहीं पाई देवरी पुलिस। नगर देवरी की पुलिस माता-पिता को अस्वस्थ करती रही कि आपका बच्चा सुरक्षित है लेकिन उन्होंने कभी यह नहीं बताया कि बच्चा कहां है आज जब जंगल में मानव का कंकाल मिला जिन दोस्तों ने उसकी हत्या की थी उन्होंने ही पुलिस को वहां तक पहुंचाया वहां पर उस बच्चे के कपड़े मिले जिसकी पहचान उसके चाचा ने की। मिले हुए मानव कंकाल को पुलिस ने जांच के लिए भिजवा दिया है। नगर देवरी में आक्रोश का माहौल नगर के लोगों ने किया पुलिस थाने का घेराव। दोषियों के घर पर बुलडोजर चलाने एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग ताकि ऐसी घटना दोबारा ना हो।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी आज 19 सितंबर को करेंगे पद ग्रहण होगा इतिहासिक स्वागत

## किसान कांग्रेस के व राहुल गांधी विचार मंच के पदाधिकारी श्री पटवारी का करेंगे स्वागत

**मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। पूर्व मंत्री श्री जीतू पटवारी जी के मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत आज दिनांक 19 सितंबर 2023 को राजधानी भोपाल में आगमन होगा। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जी का कार्यक्रम इस प्रकार है प्रातः 9 बजे इंदौर से उज्जैन बाबा महाकाल जी के दर्शन और वहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात। 11 बजे उज्जैन से देवास कार द्वारा। 11- 30 बजे स्वागत और कार्यकर्ताओं से मुलाकात। दोपहर 12 बजे देवास से भोपाल व्हाया सोनकच्छ, आष्टा, सीहोर बायपास से रास्ते में स्वागत कार्यक्रम एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात। 3 बजे भोपाल आगमन स्वागत कार्यक्रम एवं पद ग्रहण करेंगे। भोपाल में बैरागढ़, इमामीगेट , बुधवारा, लिली टाकीज , रोशन पुरा लिंक रोड -1 से कांग्रेस कार्यालय आयेंगे। जगह-जगह स्वागत वंदन अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया है। मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता श्री महेश नंदमेहर





जी ने बताया है कि किसान कांग्रेस के द्वारा नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी का भव्य स्वागत किया जायेगा। तथा राहुल गांधी विचार मंच मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता श्री नूर उददीन जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मूलचंद मेधोनिया भी राहुल गांधी विचार मंच की ओर से श्री जीतू पटवारी का आत्मीय स्वागत करेंगे। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात श्री जीतू पटवारी जी कांग्रेस कार्यालय में आभार व्यक्त करने हेतु सभा को भी संबोधित करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी एवं श्री दिग्विजय सिंह जी पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सहित नव निर्वाचित विधायकों की उपस्थिति रहेंगी। कांग्रेस के सभी विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की भारी संख्या की उपस्थिति में श्री जीतू पटवारी जी अपने प्रदेश अध्यक्ष पद का कार्य भार संभाल कर कार्यकर्ताओं को अपना विजन बतायेंगे और आगे आने वाले लोकसभा चुनावों पर रणनीति तैयार करेंगे।

# मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



**संवाददाता हेमंत शाक्य**

सुल्तानपुर। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए भारत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया है जिसके अंतर्गत 20 दिसंबर से 5 जनवरी तक 1जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण आयु वाले मतदाताओं के नाम जोड़े जायेंगे एवं 6 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा तथा 6 जनवरी से 8 फरवरी तक दावे आपत्ति प्राप्त की जायेंगी । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत बी एल ओ सुशील शर्मा भाग संख्या 228 सुल्तानपुर द्वारा आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है एवं संपर्क अभियान चलाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने , एवं संशोधन करने का कार्य किया जा रहा है ।




**संवाददाता हेमंत शाक्या**
**सुल्तानपुर ??6263301848जय हिंद दोस्तों**



आज हमारे मुक्ति अभियान का सातवां एवं अंतिम दिन है। आपको यह पोस्टर अपने इंस्टाग्राम पोस्ट, स्टोरी, प्रोफाइल, फेसबुक, X(ट्विटर), इंस्टाग्राम थ्रेड(यदि है तो) व्हाट्सएप स्टोरी, पर निम्न हैशटैग के साथ साझा करना है। ध्यान रहे हैशटैग सही एवं स्पष्ट लिखे हों। जिससे हमारे मुक्ति अभियान की रीच को आसानी से निकाला जा सके। आज का विषय सार्वजनिक परिवहन साधनों में महिला हिंसा हैं।

टीम आगाज़

सभी सही हैशटैग का प्रयोग करें।

#gen-derequit4initiati1e2k23
#aaga5mp2023
#aaga5forchildprotec-tion
#aaga5mp

## जिसकी लाठी उसकी भैंस



बहुजनो को केवल
आता है तैस
सवर्ण साबित
कर रहे हैं
जिसकी लाठी
उसकी भैंस
अन्याय, अत्याचार
सवर्ण अब ,बहुजनो
पर खुलकर कर रहे हैं
कानुन में सेंध लगाकर
बिंदास घुम रहे हैं
चोरी और सीनाजोरी
का इस्तेमाल,सवर्ण
खुलकर कर रहे हैं
शासन,प्रशासन, कोर्ट
नेता मंत्री, सबसे है लैस
बहुजनो को केवल
आता है तैस
सवर्णो ने साबित किया
जिसकी लाठी
उसकी भैंस
खुलकर सवर्ण अब
अपराध कर रहे हैं
संविधान से भी अब
ये नहीं डर रहे हैं
सैंया भए कोतवाल
तो अब डर काहे का
इस मुहावरे को
परिभाषित कर रहे हैं
बहुजन समाज तो
चमत्कार ,पुजा, अंधविश्वास
को मानने में मस्त हैं
सवर्ण समाज संविधान
बदलने में व्यस्त हैं
बहुजन अपने बच्चों को
पुजा भक्ति सिखा रहे हैं
सवर्ण अपने बच्चों को
अंग्रेजी पढा रहे हैं
कांवर यात्रा, रथयात्रा
नवरात्रि,श्रद्धा भक्ति
ये सब है
बहुजनो के काज
उच्च शिक्षा, विज्ञान नीति
अनुसंधान,प्राद्योगिकी
मैं हैं सवर्णो के राज
अत्याचर सहने के बाद भी
बहुजन,सवर्णो को
मानते हैं विशेष
बहुजनो को केवल
आता है तैस
सवर्णो ने साबित किया
जिसकी लाठी
उसकी भैंस
लाठियां बहुत है
बहुजनो के पास भी
उनके हाथ कमजोर
हों गये है
यह कहकर उपवास भी
बहुजनो के हाथो में
नहीं है तलवार ढाल
बहुजनो के हाथों में है
बस पुजा भक्ति के थाल
इस अंधभक्ति और पुजा
ने किया इनको निढाल
बहुजन लाठी की
कीमत समझो
पुजा के थाल में
मत उलझो
अपने हाथो को
आजाद करो
अपने हाथों में शस्त्र
और संविधान पकड़ों
लाओ अपने में जोश
ठिकाने लगा दो
सवर्णो के होश
तुम भी साबित कर दो
जिसकी लाठी
उसकी भैंस
ढुंढो लाठियां किधर है
तुममें भी जिगर है
तुमको नहीं अपने
पीढ़ी की फिकर है
अब जागो
विकास की
ओर भागों
अपने नाम कर
लो हर रेस
तब होगा जग में
बहुजनो
तुम्हारी लाठी तुम्हारी भैंस

**विचार क्रांति**
**हरीश पांडल**
**6/10/2020**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत जरवाही में शिविर का आयोजन





**कैलाश कुमार - सह संपादक**

**शहडोल।** शहडोल जिले के बुढार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत भवन जरवाही में गुरुवार को दीक्षित भारत संकल्प यात्रा के तहत का आयोजन जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति चौधरी के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती मंजरी शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों का गुलदस्ता एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि मनमोहन चौधरी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टिकोण से किए हैं ताकि हर वर्ग के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। अध्यक्षता कर रही विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती मंजरी शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लाभ पहुंचाना है। एसडीओ आरके द्विवेदी तहसीलदार सिंह,सरपंच श्रीमती कामिनी सिंह गीता यादव राम भवन यादव राम लखन यादव अतिथि के रूप में मंचासीन रहे । स्वागत भाषण आजीविका मिशन प्रबंधक तारा लखेरा ने जबकि संचालन श्री कृष्ण गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर में हर विभाग के मैदानी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगाए गए जहां हितग्राहियों ने अपने-अपने आवेदन दिए। तत्पश्चात अतिथियों ने हितग्राही मूलक प्रमाण पत्र वितरित किए गए वही वृद्ध जनों का गर्म कपड़े से स्वागत किया गया। केंद्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित लाडली बहनों ने आत्मनिर्भर बनाने पर अपने उद्गार व्यक्त किए। आभार प्रदर्शन सचिव मनजीत सिंह द्वारा किया गया। 5 वर्षी नन्ही परी ने शानदार नृत्य कर जनमानस का मनमोहन लिया जिन्हें पुरस्कृत किया गया । शिविर में मोबिलाएजार राहुल यादव जे आर भगत एवं स्व सहायता समूह की माताएं बहने भारी संख्या में मौजूद रहे। शपथ लिए कार्यक्रम के समापन के दौरान उपस्थित जनों ने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई गई कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करेंगे गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करेंगे भारत की एकता को सुदृढ़ करेगे और देश की रक्षाा करने बालों का सम्मान करेंगे । नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे।

# कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ





**कैलाश कुमार - सह संपादक**

शहडोल । शहडोल जिले के कॉलेज कॉलोनी बुढ़ार में रविवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां विंध्यवासिनी दुर्गा मंदिर से जल भरकर कलश यात्रा डीजे के साथ निकाली गई जो कॉलेज कॉलोनी के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर समापन हुई। कथा वाचक व्यास अनिल शास्त्री श्रीधाम वृंदावन मथुरा के मुखारविंद से श्रोताओं श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराएंगे। रविवार 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान सप्ताह चलेगा। यजमान उमा श्रीवास्तव हैं। संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन सुखदेव आगमन शिव विवाह ध्रुव भरत चरित्र नरसिंह अवतार वामन एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव बाल लीला श्री गोवर्धन पूजा मथुरा गमन रुक्मणी विवाह सुदामा चरित्र पुराण पूजन का मार्मिक प्रवचन का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। 24 दिसंबर को भंडारा संपन्न होगा। यजमान उमा श्रीवास्तव ने श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रम का लाभ उठाने का करबद्ध अनुरोध किया गया है।

# डॉ बी बी कुमार जीवन ज्योति हॉस्पिटल में देंगे परामर्श

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

शहडोल । अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के मशहूर डॉ बी बी कुमार 26 दिसंबर कों अमलाई के जीवन ज्योति हॉस्पिटल मे परामर्श देंगे ! समस्त गठिया रोग एवं वातरोग विशेषज्ञ डॉ बी बी कुमार जीवन ज्योति हॉस्पिटल में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिन मरीजों को गठियावात की शिकायत, आस्टियो आर्थराईटिस, सोरियाटिक गठिया,रीढ़ की हड्डी का दर्द, पीठ दर्द,




अस्थिसमेकन, जोड़ों का दर्द, बार- बार मुंह में छाले होना, हाथ एवं पैर की उंगलियां तिरछी हो जाना, चेहरे पर लाल चट्टे आना, आंखों एवं त्वचा का बार-बार सूखना एवं हाथ एवं पैर की उंगलियां नीली सफेद व काली पड़ जाने जैसी समस्याएं हैं, ऐसे मरीज 26 दिसंबर को दोपहर 03 बजे से शाम 05ऱ00 बजे तक जीवन ज्योति हॉस्पिटल श्रीवास्तव तिराहा ओ. पी. एम ( अमलाई) जिला शहडोल (म.प्र) में डाक्टर से परामर्श के लिए मिल सकते हैं। रजिस्ट्रेशन या जानकारी के हेतु संपर्क 8817871749 करें!

# विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का समापन,122 लोगों को मिली ज्योती

## पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा पुनीत का कार्य हैंः शालिनी

**कैलाश कुमार - सह संपादक**



शहडोल। शहडोल जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में अग्रवाल सेवा समिति एवं राष्ट्रीय दृष्टि नियंत्रण भारत शाखा के तत्वाधान में 17 दिसंबर से चल रहे तीन दिवसी विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का समापन बुधवारको जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश पांडे सीएचएमओ, के मुख्य अतिथि नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सराओगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सीएचएमओ डॉ राजेश पांडे ने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर सेवा है जनहित में उठाया गया यह कदम सराहनी है। अध्यक्षता कर रही नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सराओगी ने कहा कि अग्रवाल सेवा समिति के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा की है मानवता की यह मिसाल अन्य समाजों के लिए भी प्रेरणा बनेगी , साथ ही अस्पताल के अधिकारी एवं स्टाफ का सहयोग भी सराहनी है जिनके सहयोग से यह पुनीत कार्य संपन्न हो पाया। समिति के द्वारा मंचासीन अतिथियों का गुलदस्ते से स्वागत किया गया। अग्रवाल महिला सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती ललिता सिंघानिया नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर आरती ताम्रकार एनडीसी प्राचार्य डॉश्आशा अग्रवाल श्रीमती श्यामा सिंघानिया श्रीमती सीमा तोंडी श्रीमती अनीता सराओगी मंचासिन रहे।

**122 लोगो को मोतियाबिंद के हुए सफल ऑपरेशन**

तीन दीपसी निशुल्क शिविर में 291 लोगों का पंजीयन किया गया जिसमें 122 महिला एवं पुरुषों का कुशल नेत्र विशेषज्ञ डॉ0 वीएस बारिया डॉ0 श्रीमती आरती ताम्रकार के द्वारा 122 नेत्र रोगियों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन लैंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा किया गया। मंच का सफल संचालन राजेश चमाडिया द्वारा किया गया। समापन के दौरान मरीज को दवा फल फूल एवं कंबल वितरित किया गया । शिविर में बीएमओ डॉश् आरके वर्मा नेत्र सहायक आर के त्रिवेदी राजेश कन्नौजिया रमाकांत पटेल एवं स्टाफ के साथ ही समिति के विकास अग्रवाल मनीष चमडिया रोशन तोंडी अजय सिंघानिया अजय गुप्ता सुरेंद्र अग्रवाल अनिल अग्रवाल राहुल रुंगटा सुधीर श्रॉफ रवि गुप्ता विपिन सिंघानिया सनी सलूजा एवं समिति के पदाधिकारी का सहयोग रहा है।

# बिलासपुर रेल मंडल द्वारा उमरिया स्टेशन को अमृत

## भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया जा रहा अपग्रेड

## प्लेटफार्म शेल्टर व बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य तीव्र गति से

**कैलाश कुमार - सह संपादक**




अनूपपुर (ब्यूरो) रेलवे को देश की लाइफलाइन कहा जाता है।रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है।बिलासपुर मंडल में भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी संदर्भ में प्रथम चरण में मंडल के 15 स्टेशनों में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्य किए जा रहे हैं।इसी कड़ी में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उमरिया स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु यात्री सुविधा विकास के अनेक कार्य कराये जा रहे हैं,जिससे यात्रियों को और अधिक बेहतर आधुनिक सुविधाएं मिलेगी।इसके अंतर्गत सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाते हुये रोड को चौड़ा कर सुगम मार्ग बनाना, एयर पोर्ट की तर्ज पर स्टेशन भवन प्रवेश पोर्च बनाना,व्यवस्थित प्रवेश व निकासी द्वार बनाना, सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया डेवलप करना, गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण करना,स्थानीय कला-संस्कृति की चित्रकारी, बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना, डिजाइनर साइनेजेस, चौड़े फुटओवर ब्रिज का निर्माण, लिफ्ट, कोच एवं ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, प्लेटफार्म का फ्लोरिंग, अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर का निर्माण, प्लेटफार्म में अतिरिक्त शौचालय का निर्माण, प्रतीक्षालय का नवीनीकरण करना, महिलाओं, सीसीटीवी, वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों के अनुकूल दीर्घकालिक सुविधाएं उपलब्ध कराना जैसे विभिन्न कार्य शामिल है। पहले चरण में प्लेटफार्म के दोनों छोर में शेल्टर निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है जिसे अतिशीघ्र पूरा कर लिया जाएगा,इसके साथ स्टेशन भवन के बाहर बाउंड्रीवाल व ड्रैनेज निर्माण का कार्य जारी है।यात्रियों के सुगम आवागमन हेतु दो एवं चार पहिये वाहनों के लिए वृहद पार्किंग एरिया का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके साथ ही उमरिया स्टेशन भवन के अग्रभाग (फसाड) नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य भी चालू कर दिया गया है।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को किया गया लाभान्वित

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

शहडोल - केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत गोडारू में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही आईईसी वैन को माधयम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।




# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह आज नर्मदा मंदिर में जाकर दर्शन करेंगे



**अनूपपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार रात सड़क मार्ग से नर्मदा उद्गम पवित्र नगरी अमरकंटक सपत्नी पहुंचे। अमरकंटक दीनदयाल चौक पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे इनमें महिलाएं भी शामिल थीं। मुख्यमंत्री आज शुक्रवार को नर्मदा मंदिर जाकर दर्शन करेंगे साथ ही यहां के विभिन्न आश्रम तथा पर्यटन स्थल भी जा सकते हैं हालांकि इनका यह निजी द्वारा कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री पद से अलग होने के बाद श्री चौहान पहली बार सड़क मार्ग से अमरकंटक पहुंचे हैं। श्री चौहान के साथ पत्नी साधना सिंह भी हैं।

**मुख्यमंत्री भावुक नजर आए**

कार से नीचे उतरने के बाद श्री चौहान कार्यकर्ताओं से मिले। इस मौके पर स्थानीय महिलाएं मुख्यमंत्री से लिपटकर रोईं भी, मुख्यमंत्री भावुक नजर आए। इसके बाद मुख्यमंत्री अमरकंटक के हॉलीडे विश्रामगृह चले गए। अमरकंटक आगमन की सूचना मिलने पर नगर व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण तथा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भारी ठंड के बावजूद अमरकंटक पहुंच गए थे और पूर्व मुख्यमंत्री का बेसब्री से इंतजार करते रहे। रात करीब आठ बजे डिंडोरी मार्ग से श्री चौहान अमरकंटक पहुंचे थे।

# तेजी से बढ़ रहा कोरोना संक्रमण, केरल में 24 घंटे में 265 नए केस, एक मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में एक बार फिर बढ़ोतरी हो रही है। कोरोना वायरस का नया वेरिएंट छ्वहृ.1 तेजी से पैर पसार रहा है। कई राज्यों में एक्टिव केस मिलने के बाद केंद्र सरकार के बाद अब सभी राज्य सरकार भी अलर्ट मोड में आ गई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में 21 दिसंबर को कोविड-19 के 265 नए मामले सामने आए और कोविड-19 से एक मौत दर्ज़ की गई।

**देश में कुल 2669 एक्टिव केस**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने जानकारी दी है कि केरल में 20 दिसंबर को कोविड????-19 छ्वहृ.1 वेरिएंट से प्रभावित 300 नए एक्टिव मामले सामने आए हैं। बीते दिनों में इस वेरिएंट के कारण कुछ लोगों की मौत भी हुई है। देश में फिलहाल कोविड-19 के सक्रिय मामलों की बात की जाए तो यह 2,669 के करीब पहुंच गई है। केरल के एक स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 महामारी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है, बीते कुछ समय से इस बीमारी के मामलों में कमी आई है।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एडवाइजरी**

कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सभी राज्यों को सतर्कता बरतने, दवाओं, ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर और टीकों का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बीते कुछ दिनों में केरल, दिल्ली, गोवा, गुजरात और कर्नाटक में कोविड-19 केस में बढ़ोतरी हुई है।




इसको लेकर बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने आला अधिकारियों और मुख्य स्वास्थ्य सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

**राजस्थान में मिले दो मरीज**

इस बीच राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी कोविड-19 के दो दो नए मामले सामने आए हैं। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल और जेके लोन अस्पताल में दो मरीज कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए। अतिरिक्त स्वास्थ्य निदेशक ने बताया है कि एक मरीज भरतपुर और दूसरा झुंझुनू का रहने वाला है। इसके अलावा महाराष्ट्र में एक मरीज में नए कोविड वेरिएंट की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली नए कोविड वेरिएंट जेएन.1 से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**लोगों को घबराने की जरूरत नहीं, सतर्कता बरतें**

इस बीच नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल ने अपील की है कि कोविड-19 के सक्रिय मामलों की बढ़ोतरी के बाद घबराने की जरूरत नहीं है। नए कोविड-19 वेरिएंट छ्वहृ.1 के प्रति सतर्कता बरतने की जरूरत है।

# जाते-जाते खुशियों से भाजपा की झोली भर गया साल

**इंदौर।** वर्ष 2023 की विदाई करीब है और नव वर्ष का आगमन होना है। राजनीति के लिहाज से देखें तो वर्ष 2023 जाते-जाते भाजपा को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में खुशियों की सौगात दे गया। मध्य प्रदेश में तो शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सत्ता पर काबिज थी ही, लेकिन छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार को परास्त कर भाजपा ने सत्ता अपने नाम कर ली। देश के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश के साथ ही समीपस्थ छत्तीसगढ़ में सत्ता हासिल करना भाजपा के लिए वर्ष 2023 की स्वर्णिम सौगात हो गई। अब नए साल में लोकसभा चुनाव में दोनों राज्यों में प्रदर्शन दोहराना भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। डबल इंजन सरकार की बात कहकर भाजपा ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ा और जीत हासिल करने में कामयाब रही। केंद्र में भाजपा सरकार के होने से राज्यों में भी विकास की गंगा बहाने की बात जोरशोर से प्रचारित की गई। मध्य प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा को आशातीत सफलता मिली। इन चुनावों में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा ने 163 सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस को केवल 66 सीटों पर ही जीत हासिल हो पाई। प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी और अमित शाह ने मध्?य प्रदेश में धुआंधार चुनावी सभाओं और रैलियों को संबोधित किया। इसका नतीजा यह हुआ कि इस बार मतदाताओं का भाजपा को भरपूर आशीर्वाद मिला। मध्?य प्रदेश सरकार की





लाड़ली बहना योजना का भी प्रतिफल रहा कि महिला मतदाताओं का भरपूर साथ भाजपा को मिला। भाजपा विधायक दल की बैठक में डाक्?टर मोहन यादव को नेता चुना गया। अब मुख्?यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्?व में भाजपा ने मध्?य प्रदेश में नई विकास यात्रा की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। अब मध्?य प्रदेश की नई सरकार के सामने यह चुनौती होगी कि उसे जनता से किए गए वादे पूरे करने के साथ ही पुरानी योजनाओं का भी ध्?यान रखना होगा। छत्?तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में इसबार सारे अनुमान ध्वस्त हो गए। भाजपा को इन चुनावों में 54 सीटों पर जीत मिली जबकि कांग्रेस को केवल 35 सीटों पर ही जीत नसीब हुई। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार को भी इस पराजय की उम्मीद नहीं थी। छत्तीसगढ़ में भी प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दी। भाजपा मतदाताओं को यह समझाने में सफल रही कि राज्य का बेहतर विकास भाजपा के जरिए ही संभव है। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार ने गोबर बेचने की योजना सहित कई लोकलुभावन योजनाओं को मतदाताओं ने किनारे कर भाजपा पर भरोसा जताया। छत्तीसगढ़ विधायक दल की बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री चुना गया। राज्?य की नई सरकार के सामने अब एकाधिक चुनौतियां हैं। सरकार को नक्सली समस्या को समूल खत्म करने के साथ रोजगार जैसे कई मुद्दों पर ध्यान देना है। ऐसे में भाजपा की नई सरकार की नए साल में कड़ी अग्नि परीक्षा होगी। विकास के कार्यों को अग्रणी रखकर ही भाजपा मतदाताओं को साध सकेगी।

# खंडवा-इंदौर रोड पर बस और ट्रक की टक्कर, एक की मौत, 8 लोग घायल



**खंडवा।** खंडवा-इंदौर रोड पर गुरुवार अल सुबह एक बस और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हो गए। घटना देशगांव के पास गुरुवार तड़के पांच बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार ट्रक और बस की भिड़ंत में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक की मौत हो गई। हादसा इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर देशगांव के पास तोरणी फाटा पर हुआ। बस महाराष्ट्र से इंदौर जा रही थी। जबकि ट्रक इंदौर की ओर से आ रहा था। तभी यह हादसा हुआ। घायलों को खंडवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच मे जुट गई है।

# मिमिक्री विवाद में भाजपा ने इंदौर में किया प्रदर्शन







**इंदौर।** संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री विवाद पूरे देश सहित इंदौर में भी तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर इंदौर में भाजपा ने प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रिगल चौराहे पर प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी भी की।

क्या है मामलामामला मंगलवार को उस समय सामने आया था, जब कुल मिलाकर 141 विपक्षी सांसदों और राज्यसभा सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। इसका विरोध जताने के लिए जब सभी विपक्षी सांसद संसद भवन के बाहर जमा हुए, तो कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी। उस समय सभी सांसद ठहाके लगाकर हंसते नजर आए। वहीं कांग्रेस के राहुल गांधी उनका वीडियो बनाते हुए नजर आए थे। इसके बाद टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# विजय शाह की चिकन पार्टी की जांच शुरू, पचमढ़ी पहुंचे डिप्टी डायरेक्टर





**नर्मदापुरम।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पूर्व वन मंत्री विजय शाह द्वारा मनाई गई पार्टी को लेकर जांच शुरू हो गई हैं। डिप्टी डायरेक्टर संदीप फैलोज बुधवार को पचमढ़ी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से जानकारी ली। जो कर्मचारी वीडियो में नजर आ रहे हैं उनसे भी पूछताछ की जा रही है। सभी लोगों के बयान लेने के बाद जांच रिपोर्ट प्रधान मुख्य संरक्षक को भेजी जाएगी। मुख्य कार्यालय से जांच के आदेश मिलने के बाद सहायक संचालक जांच के लिए पहुंचे। कोर एरिया में पूर्व वन मंत्री विजय शाह व उनके दोस्त निजी वाहनों से पहुंचे थे और पार्टी की थी। पार्टी के दौरान जो वीडियो बनाए गए, उसमें निजी वाहन भी नजर आ रहे हैं। वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने प्रधान मुख्य संरक्षक को लिखित शिकायत कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक एल कृष्णमूर्ति का कहना है कि मामले की जांच कर जांच रिपोर्ट मुख्य कार्यालय को भेजी जा रही है। इधर चूरना रेंज के एसडीओ की भूमिका पूरे मामले में संदिग्ध नजर आ रही हैं। वे भी वीडियो में नजर आ रहे हैं।



# थाना प्रभारियों को एडीजी की हिदायत, फरियादी से करें सौम्य व्यवहार और गुंडों से सख्ती

ग्वालियर। थाने आने वाले फरियादी की बात सहानुभूति पूर्वक सुनें और निराकरण करें। फरियादी से सौम्य व्यवहार और गुंडों पर सख्ती, इसी पर फोकस करना है। क्षेत्र के गुंडों पर निगाह रखें। वह क्या कर रहे हैं, किसके साथ घूम रहे हैं, किस क्षेत्र में उनका मूवमेंट अधिक है। अगर कोई गुंडा किसी आपराधिक प्रकरण में जमानत पर बाहर है तो निगरानी जरूर रखें। वह फरियादी को धमका रहा है, परेशान कर रहा है, केस वापस लेने के लिए दबाव डाल रहा है तो तुरंत उसकी जमानत निरस्त कराकर जेल भिजवाएं। यह निर्देश बुधवार को ग्वालियर जोन के एडीजी डी.श्रीनिवास वर्मा ने पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते हुए दिए। उन्होंने कहा- अक्सर फरियादी थाने पहुंचते हैं, लेकिन पुलिसकर्मियों का व्यवहार उनके प्रति सही नहीं होता, इसे बदलना ही होगा। अगर फरियादी शिकायत करेगा तो फिर कार्रवाई होगी। सीएसपी और एसडीओपी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उनके सर्किल में जितने थाने हैं, उनके लंबित अपराधों की समीक्षा प्रतिदिन करें। हर दिन क्षेत्र के थानों का भ्रमण करें और वहां हुए अपराधों की समीक्षा करें। विवेचना को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी अपराध की विवेचना उच्च कोटि की होनी चाहिए, तभी आरोपित को सजा मिल सकती है। इसलिए विवेचना में लापरवाही बरती तो कार्रवाई होगी। एनडीपीएस एक्ट की जितनी भी कार्रवाई होती हैं, उनमें माल की सैंपलिंग नियमानुसार होनी चाहिए। इसके अलावा भी उन्होंने बैठक में कई निर्देश दिए।

# ये बिलासपुर की सर्दी है, आनंद लें न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम



**बिलासपुर।** न्यायधानी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहर जैसी स्थिति है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। धूप अच्छी लग रही है। आमजन रंग-बिरंगे गर्म कपड़ों के साथ लजीज व्यंजनों का आनंद उठा रहे हैं। मौसम में बदलाव के बाद लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। बीते सात दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट आई है। एक सप्ताह पहले जहां तापमान 14 डिग्री सेल्सियस था तो वहीं बुधवार को तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात में शीतलहर जैसी स्थिति रही। ठंडी हवाएं चलने लगी हैं। इधर बुध की सुबह सूर्यदेव के दर्शन भी देर से हुए ठंड के कारण जल्दी शाम हो रही है। दिन का तापमान में लगभग 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ठंड के कारण बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित घूमने फिरने भी निकल रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो सर्दी को लेकर अभी स्थिति ऐसे ही बनी रहेगी। बता दें कि दिन का तापमान भी सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विशेषज्ञ सिराज खान की मानें तो 22 दिसंबर से उत्तर-पश्चिम भारत में एक मध्यम दबाव का पश्चिमी विक्षोभ के आने से 25 एवं 24 दिसंबर को ठंड का प्रभाव कुछ काम हो सकता है। इसके बाद मौसम सामान्य रह सकता है, लेकिन नए साल में एक बार फिर बदलाव होगा। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है जिसके कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। अगले 24 घंटे में प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### आसमान में छाएंगे बादल

मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने तथा अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। कल से हवा की दिशा में बदलाव होगा। रात के तापमान में वृद्धि संभावित है। 23 एवं 24 दिसंबर को हल्के बादल प्रदेश के कुछ जिलों में संभावित है।

# डोनेट फार देश अभियान पर भाजपा नेता ने बोला हमला, कहा- कैंपेन से लोगों की जेब काटेगी कांग्रेस

**रायपुर (राज्य ब्यूरो)।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के डोनेट फार देश के नाम पर क्राउड फंडिंग कैंपेन लांच किए जाने पर हमला बोलते हुए इसे कांग्रेस की लूट-नीति का अभियान बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अभियान में कार्यकर्ताओं और लोगों से चंदा लिया जाएगा। कांग्रेस नेता इसे वर्ष-1921 के तिलक स्वराज फंड से प्रेरित बता रहे हैं, जबकि तिलक स्वराज फंड के चंदे की राशि का सदुपयोग ब्रिटिश हुकुमत से लड़ने में किया गया था। देश के नाम पर पार्टी के लिए चंदा इकट्ठा करने के इस अभियान को तिलक स्वराज फंड से जोड़कर कांग्रेस ने घिनौनी राजनीतिक मानसिकता का परिचय दिया है। लोकमान्य तिलक और उनके स्वराज अभियान का अपमान करने का अधिकार कांग्रेस को नहीं है।डोनेट फार देश अभियान पर भाजपा नेता ने बोला हमला, कहा- कैंपेन से लोगों की जेब काटेगी कांग्रेसडोनेट फार देश अभियान पर भाजपा नेता ने बोला हमला, कहा- कैंपेन से लोगों की जेब काटेगी कांग्रेस बृजमोहन ने कहा कि कांग्रेस का हमेशा से यही लक्ष्य रहा है कि किसी स्थिति में आना चाहिए। प्रदेश को लूटकर तिजोरी भरने के बाद कांग्रेस अब कर्नाटक को अपने एटीएम के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। इसके बाद तेलंगाना में भी लूट-खसोट की नीति अमल में लाने जा रही है। जिस कांग्रेस के डीएनए में भ्रष्टाचार रचा-बसा है, उस कांग्रेस को पैसों की किल्लत नहीं है। बृजमोहन ने कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं ने अपनी-अपनी जेबें भर ली हैं, इसलिए अब देश के नाम पर कार्यकर्ताओं और देश के लोगों को लूटने का यह ख्याल आया है।



# अब ट्रेन में नहीं ठिठुरेंगे आरएसी के यात्री




**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड ने इन यात्रियों को बड़ी राहत दी है। अब उन्हें भी कंफर्म बर्थ के यात्रियों की तरह पूरा बेडरोल देने का आदेश दिया है। बोर्ड ने सभी जोन के महाप्रबंधकों को यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए कहा है। आरएसी यात्रियों को भी बर्थ आवंटित होती है। लेकिन, एक बर्थ में दो यात्रियों को आरक्षण रहता है। पूर्ण रूप से बर्थ कंफर्म नहीं होने के कारण इन्हें बेडरोल के नाम पर केवल चादर दी जाती थी। यदि कोई चादर या कंबल नहीं रखा है तो ऐसे यात्रियों को ठंड से हाल बेहाल हो जाता था। रेलवे एसी में सफर करने वाले यात्रियों को बेडरोल उपलब्ध कराती है। यात्रा शुरू होते ही अटेंडर यात्रियों को तकिया, दो चादर और कंबल उपलब्ध कराता है, ताकि ठंड में यात्री न ठिठुरे और उनकी यात्रा आरामदायक रहे। यह सुविधा उन्हीं यात्रियों को मिलती थी, जिनका बर्थ कंफर्म है। एसी कोच में यदि बर्थ की स्थिति आरएसी है, तो ऐसे यात्रियों को रेलवे की इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता था। हालांकि कुछ साल पहले बोर्ड ने एक आदेश जारी कर इन्हें बेडरोल मुहैया कराने का निर्देश दिया था। लेकिन, इस निर्देश के तहत आरएसी में सफर करने वाले यात्रियों को केवल दो चादर ही दी जा रही थी। इसके कारण उन्हें या तो ठिठुरना पड़ता था या फिर घर से कंबल आदि रखने पड़ते थे। अभी ठंड का सीजन है। इस दौरान यात्रियों को होने वाली दिक्कतों को रेलवे बोर्ड ने महसूस किया और 18 दिसंबर को एक आदेश जारी कर सभी जोन के महाप्रबंधकों को निर्देश किया है कि अब आरएसी के यात्रियों को भी कंप्लीट बेडरोल दिया जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए भी कहा गया है। इस आदेश के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 50 ट्रेनों में यह सुविधा मुहैया कराई जाएगी। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से छूटने व गुजरने वाली ट्रेनों की संख्या 130 है। इन सभी बेडरोल मिलने से आरएसी के दोनों यात्रियों का सफर सुखद होगा। मालूम हो कि बिलासपुर रेल मंडल के कोचिंग डिपो में दो बड़ी लांड्री है। यहां से चादर, कंबल, पिलो कवर की प्रतिदिन सफाई होती है। इसके बाद ट्रेन में पहुंचता है। रेल यात्रियों की यह बेहद जरूरी सुविधा है, जिसकी मांग यात्री ट्रेन से छूटने के बाद करने लगते हैं। हालांकि अटेंडरों को मांगने की नौबत न आए, सीधे उपलब्ध कराने का निर्देश है।


# छत्तीसगढ़ शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन किसान आत्महत्या मुद्दे पर हंगामा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है। सदन की शुरुआत में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी और डा रामलाल भारद्वाज को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद दो मिनट का मौनकर रखकर सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले किसान आत्महत्या पर विपक्ष ने सरकार को घेरा। विपक्ष ने सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले नारायणपुर के किसान आत्महत्या मुद्दे पर चर्चा की मांग की। डोनेट फार देश अभियान पर भाजपा नेता ने बोला हमला, कहा- कैंपेन से लोगों की जेब काटेगी कांग्रेसडोनेट फार देश अभियान पर भाजपा नेता ने बोला हमला, कहा- कैंपेन से लोगों की जेब काटेगी कांग्रेस पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सदन में कहा, विशेष परिस्थिति है, किसान ने कर्ज के बोझ से आत्महत्या की है, महत्वपूर्ण मुद्दा है, इसपर चर्चा होनी चाहिए। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, नियम प्रक्रियाओं से परे सदन नहीं चल सकता, स्थगन का उल्लेख नहीं किया गया है, इसलिए चर्चा उचित नहीं है। नेताप्रतिपक्ष डा चरण दास महंत, गरीब की दुख सुनने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, अध्यक्ष दयालु है, दिल दरिया है, उसमें किसान या आदिवासी समा सकता है, चर्चा होनी चाहिए। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, अभिभाषण पर चर्चा के दिन नियम के विपरीत चर्चा की मांग हो रही। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, सत्र आहूत होने के बीच आत्महत्या हुई है, बाद में चर्चा संभव नहीं है, इसे ग्राह्य करके चर्चा कराया जाए। धरमलाल कौशिक ने कहा, अगले सत्र में नियम के तहत चर्चा हो सकती है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, नियम में यही है कि एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा सत्र के मध्य जो घटना होती है उस पर चर्चा होती है इसे ग्राह्य किया जाए। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, यह विषय आधारित सत्र है। कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने कहा, किसान आत्महत्या न करे इसलिए चर्चा आवश्यक है। अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले किसान की मौत पर चर्चा को लेकर विपक्ष अड़ा रहा। इसके बाद हंगामे के बीच विपक्ष ने वाकआउट कर दिया। इसी बीच सदन में नारायणपुर में किसान आत्महत्या पर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव दिया। अजय चंद्राकर ने कहा, स्थगन की सूचना नहीं है, इससे पहले व्यवस्था आनी चाहिए। आसंदी की व्यवस्था के अनुसार पूर्व में ही स्थगन और चर्चा के मांग की सूचना दी जाती है। अल्प सूचना में स्थगन ध्यानाकर्षण नहीं लिया जा सकता है। आसंदी ने स्थगन सूचना को अग्राह्य कर दिया। चर्चा नहीं कराने के विरोध में विपक्ष ने बहिर्गमन कर दिया। अनुपूरक बजट पर चर्चा शुरू होते ही विपक्ष ने धान खरीदी और किसानों की कर्जमाफी के मुद्दे पर सरकार को घेरा। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, 21 क्विंटल धान खरीदी पर सरकार स्पष्ट नहीं है। सहकारी समितियों में लिमिट तय कर दी गई है।




## अब इस मोबाइल एप से घर बैठे बनवा सकेंगे आयुष्मान कार्ड

रायपुर (राज्य ब्यूरो)। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए च्वाइस सेंटर अथवा अस्पताल पर निर्भरता अब समाप्त हो गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को जागरूक करने तथा शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा में मोबाइल वैन के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। प्रदेश में अभी भी 64 लाख हितग्राही आयुष्मान कार्ड से वंचित हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हितग्राही अब अपना एवं अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं निश्शुल्क बना सकते हैं। इसके लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड दस्तावेज की आवश्यकता होगी। आयुष्मान योजना के तहत एपीएल कार्डधारकों को 50 हजार और बीपीएल कार्डधारकों को पांच लाख रुपये तक इलाज का लाभ मिलता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नए पोर्टल में मोबाइल के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा दी गई है। पहले आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अस्पतालों, च्वाइस सेंटरों अथवा आयोजित होने वाले शिविर में जाना पड़ता था।




# डंकी के फर्स्ट शो बाद लोगों ने दिए ऐसे रिएक्शन, एक बार फिर छा गए शाहरुख

इंदौर। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के लिए यह साल काफी लकी रहा है। इस साल उनकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। साल 2023 में शाहरुख की दो फिल्में पठान और जवानरिलीज हुई है, इन दोनों ही फिल्मों को लोगों का जमकर प्यार मिला है। साथ ही इन फिल्मों ने दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई की। यह साल खत्म होने से पहले शाहरुख ने फैंस को एक और तोहफा दिया है। फिल्म डंकी के साथ वे तीसरी बार बिग स्क्रीन पर लौट चुके हैं। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।

# आरोपों के बीच एक-दूजे संग रोमांस फरमाते नजर आए मुनव्वर-आयशा, दर्शक हुए कन्फ्यूज






इंदौर। रियलिटी शो बिग बॉस 17 में इन दिनों मुनव्वर फारुकी की पर्सनल लाइफ इस समय काफी सुर्खियां बटोर रही है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आयशा खान ने मुनव्वर की डबल डेटिंग को लेकर कई खुलासे किए हैं। बिग बॉस में आयशा की एंट्री से मुनव्वर काफी हैरान हुए हैं। उन्होंने कई बार आयशा से माफी मांगी है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे, शो के कुछ वीडियोज देखकर लग रहा है कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक हो गया है। अपकमिंग एपिसोड में दर्शकों को मुनव्वर और आयशा के बीच दोस्ती के साथ-साथ रोमांस भी देखने को मिल रहा है। अपकमिंग एपिसोड दर्शकों के लिए काफी धमाकेदार होने वाला है। भरपूर मनोरंजन के साथ आज के एपिसोड में इस हफ्ते की नॉमिनेशन प्रक्रिया देखने को मिलेगी। इसी के साथ मुनव्वर फारुकी और आयशा का रोमांटिक एंगल भी दिखाई देगा। इसे देख दर्शकों के साथ-साथ घरवाले भी काफी कन्फ्यूज हो रहे हैं। बता दें कि आयशा ने मुनव्वर को उन्हें धोखा देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि वे मुनव्वर को कभी माफ नहीं करेंगी। लेकिन अब लग रहा है, दोनों के बीच सब कुछ ठीक है। सामने आए प्रोमो में देखा जा सकता है कि आयशा, मुनव्वर को कपड़े पसंद करने में मदद करती हैं। वे उन्हें व्हाइट शर्ट पहनने के लिए कहती हैं।

# मुनव्वर की स्टोरी में शामिल हुईं अंजलि अरोड़ा कॉमेडियन को लेकर ऐसे किया रिएक्ट

इंदौर। टेलीविजन का रियलिटी शो बिग बॉस 17 में दर्शकों को काफी मसाला देखने का मिल रहा है। इस समय घर में मौजूद स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी की पर्सनल लाइफ इस समय खूब सुर्खियां बटोर रही है। हाल ही में शो में इन्फ्लुएंसर आयशा खान की एंट्री हुई है। उन्होंने शो में जाते ही मुनव्वर फारुकी पर टू-टाइमिंग का आरोप लगाया। आयशा के बाद मुनव्वर फारुकी की एक्स गर्लफ्रेंड नाजीला सिताशी भी पब्लिक में आकर मुनव्वर पर कई आरोप लगाए और अपने ब्रेकअप की पुष्टि की। वहीं, अब इन सबके बीच अंजलि अरोड़ा ने भी सामने आकर अपने रिएक्शन दिए हैं। बता दें कि मुनव्वर फारुकी और अंजलि अरोड़ा रियलिटी शो लॉक अप से ही एक-दूसरे के दोस्त हैं। दोनों के रिलेशनशिप के बारे में भी काफी चर्चा हुई थी। शो के खत्म होने के बाद दोनों की राहें अलग हो गईं। वहीं, अब बिग बॉस के घर में मुनव्वर की पर्सनल लाइफ पब्लिक हो गई है। आयशा खान के किए गए दावों पर मुनव्वर फारुकी ने हामी नहीं जताई। हालांकि, बाद में मुनव्वर ने उनसे माफी मांग ली। मुनव्वर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे आयशा खान से माफी मांगते नजर आ रहे हैं। मुनव्वर आयशा से कहते हैं कि उन्होंने कभी भी किसी को डबल डेट नहीं किया है।





# आईसीयू में भर्ती हैं काजोल की मां तनुजा, फैंस ने मांगी सलामती की दुआ





इंदौर। बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा और काजोल की मां तनुजा की तबीयत काफी खराब हो गई है। उन्हें उम्र संबंधी समस्याओं के कारण रविवार को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। वहीं, खबरें मिली हैं कि एक्ट्रेस को आईसीयू में भर्ती किया गया है। पैपराजी के एक इंस्टाग्राम पेज पर इस बात की जानकारी मिली है एक्ट्रेस आईसीयू में एडमिट हैं। 80 साल की वेटरन एक्ट्रेस फिलहाल डॉक्टर्स की निगरानी में हैं। काजोल की मां को जुहू के एक हॉस्पिटल भर्ती किया गया है। फैंस इस खबर को सुनकर काफी चिंता में हैं। वे लगातार उनकी अच्छी सेहत के लिए दुआएं मांग रहे हैं।

## यूजर्स ने मांगी तनुजा के लिए दुआ

एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, हम उनके लिए प्रार्थना करेंगे। भगवान उन्हें जल्द ही ठीक कर दें।÷ बता दें कि 23 सितंबर, 1943 को जन्मी तुनजा बेहतरीन स्टार शोभना समर्थ और प्रोड्यूसर कुमारसेन समर्थ की बेटी हैं। तुनजा ने कम उम्र में ही एक्टिंग शुरू कर दी थी। सिर्फ 16 साल की उम्र में ही उन्होंने फिल्म छबीली से अपना बॉलीवुड डेब्यू कर लिया था। साल 1962 में वे फिल्म मेमदीदी में दिखाई दी थीं। तुनजा ने अपनी बेहतरीन एक्टिंग के साथ अपनी अलग ही पहचान बनाई थी। उन्होंने हाथी मेरे साथी, टूनपुर का हीरो, दो चोर, मेरे जीवन साथी जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया।

# मुनव्वर फारूकी की गर्लफ्रेंड पर फूटा यूजर्स का गुस्सा



इंदौर। टेलीविजन का रियलिटी शो बिग बॉस 17 के गेम प्लेयर मुनव्वर फारुकी इन दिनों विवादों में फंसते नजर आ रहे हैं। वीकेंड के वार पर भी सलमान खान ने मुनव्वर की जमकर क्लास लगाई थी। वहीं, अब उनकी एक्स गर्लफ्रेंड आयशा खान ने आकर उनकी डबल डेटिंग की पोल खोल दी है। इसे सुनकर घरवालों के साथ-साथ दर्शक भी काफी हैरान हो रहे हैं। इन सबके बावजूद मुनव्वर के फैंस उनका पूरा सपोर्ट कर रहे हैं। आयशा खान को मुनव्वर को टेलीविजन पर बदनाम करने के लिए यूजर्स ने काफी खरी-खोटी सुनाई। इसी के साथ नाजिला सिताशी की भी हरकत पर लोगों का गुस्सा फूटा है। बता दें कि नाजिला सिताशी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे अपनी किसी न किसी पोस्ट को लेकर लाइमलाइट में आ ही जाती हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने अपना इंस्टाग्राम डीएक्टिवेट कर दिया था। बाद में वे सोशल मीडिया पर लौट आई थीं। नाजिला के इंस्टाग्राम पर वापस आते ही यूजर्स उन पर भड़क उठे। यूजर्स का कहना था कि मुनव्वर फारुकी की एक्स गर्लफ्रेंड आयशा को नाजिला क्यों फॉलो कर रही हैं। इतना ही नहीं, यूजर्स ने नाजिला पर ये भी आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर मुनव्वर फारुकी को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। ये सिर्फ फेमस होने के लिए ये कर रही हैं।

## फैंस ने किया मुनव्वर का सपोर्ट

आयशा खान के बिग बॉस 17 में एंट्री लेने के बाद यूजर्स ने उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। ट्विटर पर मुनव्वर का सपोर्ट करते हुए यूजर्स ने ट्रेंड भी शुरू कर दिया है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, मुनव्वर आपकी जनता आपको ऐसे टूटते हुए नहीं देख सकती है। एक और यूजर ने लिखा, बिग बॉस ने मनारा को मुनव्वर के साथ क्यों बुलाया। ये सब क्या चल रहा है, बिग बॉस दिखाने की क्या कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि आयशा खान बिग बॉस 17 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट बनकर पहुंची हैं। हाल ही में उनकी एक फोटो वायरल हो रही है, जिसमें वे अभिषेक कुमार के साथ मस्ती करती दिखाई दे रही हैं।

# अचानक शेयर बाजार गिरा, सेंसेक्स हाई से एक हजार अंक फिसला



**नई दिल्ली।** बुधवार को शेयर बाजार में उथल-पुथल रही। हरे निशान पर व्यापार करने के साथ बाजार के इंडेक्स ने छलांग गई। सेंसेक्स-निफ्टी नए मुकाम पर पहुंच गए। हालांकि कारोबार के आखिरी घंटे में बाजार धराशाही हो गया। सेंसेक्स 800 अंक से अधिक का गोता लगा गया। निफ्टी-50 200 अंक गिरकर कारोबार कर रहा था। दोपहर 3 बजे तक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला इंडेक्स सेंसेक्स 866.59 अंक या 1.21 फीसदी की गिरावट के साथ 70,570.60 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स 282.80 अंक या 1.32 फीसदी की गिरावट के साथ 21.170 के स्तर पर व्यापार कर रहा था। शेयर बाजार में सेंसेक्स 450 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई 71,913 के लेवल पर था। फिलहाल अपने हाई से एक हजार अंक से ज्यादा गिरावट के साथ व्यापार कर रहा है। ऐसा ही हाल निफ्टी का रहा। बुधवार को शुरुआती कारोबार में 21,593 के स्तर पर था। जो 52 सप्ताह का हाई लेवल था।

### बीएसई पर 29 शेयर लाल रंग में

बीएसई के 29 शेयर लाल निशान पर पहुंच गए थे। एचडीएफसी बैंक के शेयर में मामूली वृद्धि देखने को मिली। शेयर बाजार में आई गिरावट के बीच एनटीपीसी का शेयर 2.92 फीसदी गिरकर 300.75 के लेवल पर, एचसीएलटेक का शेयर 2.97 फीसदी टूटकर 1443.90 रुपये के लेवल पर, एमएंडएम का स्टॉक 3.20 फीसदी की गिरावट के साथ 1645.50 रुपय, टाटा मोटर्स के शेयर 3.26 फीसदी गिरकर 705.45 रुपये और टाटा स्टील का शेयर फिसलकर 130.80 रुपये पर आ गया।

# सोने की कीमत में बढ़ोतरी, चांदी के रेट में भी तेजी



नई दिल्ली। भारतीय सर्राफा बाजार में 20 दिसंबर 2023 को सोने के भाव में तेजी देखने को मिली है। सोने का भाव 62449 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 19 दिसंबर 2023 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 365 रुपये की तेजी आई है। चांदी के भाव में भी तेजी देखने को मिली है। चांदी का भाव 74040 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 19 दिसंबर से 388 रुपये की तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 19 दिसंबर की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 62084 रुपये थी। 20 दिसंबर की सुबह को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 62449 रुपये हो गई है। इसी तरह 19 दिसंबर की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 73652 रुपये थी। 20 दिसंबर की सुबह को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 74040 रुपये हो गई। 20 दिसंबर को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 62199 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 57203 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 46837 रुपये हो गई है।

# आईसीआईसीआई बैंक ने प्रमुख ब्रांडों पर ऑफर, छूट और कैशबैक के साथ लॉन्च किया 'फेस्टिव बोनांजा'


**एजेंसी, मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक ने त्योहारी सीजन की शुरुआत में अपने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स, छूट और 26,000 रुपये तक के कैशबैक के साथ 'फेस्टिव बोनांजा' को लॉन्च करने की घोषणा की। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, रूपे क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यूपीआई और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके अपने पसंदीदा ब्रांडों से विभिन्न वस्तुओं को खरीदकर इन ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। ये ऑफर ग्राहकों के लिए बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड का उपयोग करके नो-कॉस्ट ईएमआई के रूप में भी उपलब्ध हैं। बैंक ने त्योहारी सीजन के दौरान ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फैशन, आभूषण, फर्नीचर, यात्रा, भोजन और अन्य विभिन्न श्रेणियों में और आईफोन सहित कई प्रमुख ब्रांडों के साथ ऑफर तैयार किए हैं। बैंक के 'फेस्टिव बोनांजा' के साथ जुड़े प्रमुख ब्रांडों में शामिल हैं- मेकमाईट्रिप,




टाटा न्यू, वनप्लस, एचपी, माइक्रोसॉफ्ट, क्रोमा, रिलायंस डिजिटल, एलजी, सोनी, सैमसंग, तनिष्क, ताज, स्विगी और ज़ोमैटो। बैंक ने द बिग बिलियन डेज़ सेल (8 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक) के लिए फ्लिपकार्ट, बिग फैशन फेस्टिवल (6 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक) के लिए मिंत्रा और ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल (अक्टूबर के आखिरी हफ्ते के आसपास) के लिए अमेज़न के साथ साझेदारी की है। बैंक जल्द ही अपने ग्राहकों के लिए होम लोन, ऑटो लोन और टू व्हीलर लोन जैसे रिटेल लोन प्रॉडक्ट्स पर भी विशेष और आकर्षक ऑफर्स पेश करेगा। 'फेस्टिव बोनांजा' की लॉन्चिंग पर बोलते हुए, आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राकेश झा ने कहा, ''अपने निष्ठावान ग्राहकों के लिए फेस्टिव बोनांजा लॉन्च करते हुए हमें खुशी हो रही है। इस बार 'फेस्टिव बोनांजा' में हमारे ग्राहकों के लिए ऑफर, छूट और कैशबैक की एक व्यापक रेंज शामिल है। बैंक ने आकर्षक ऑफर पेश करने के लिए अग्रणी ब्रांडों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ साझेदारी की है। ये ऐसे ब्रांड हैं, जो हमारे ग्राहकों के लिए बहुत महत्व रखते हैं। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईसीआईसीआई बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड के साथ यूपीआई लेनदेन और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके इन ऑफ़र्स का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, बैंक अपने उत्पादों - होम लोन, ऑटो लोन और टू-व्हीलर लोन पर विशेष त्योहारी ऑफर भी पेश करेगा। हमें उम्मीद है कि ये ऑफर इस त्योहारी सीजन के दौरान हमारे ग्राहकों की खुशियों और उनके उल्लास और उमंग को और बढ़ाएंगे।'' प्रमुख ब्रांडों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर ऑफर- फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, अमेज़न और टाटा क्लिक जैसी प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों के साथ ऑनलाइन शॉपिंग पर 15 फीसदी तक की छूट। इलेक्ट्रॉनिक्स- एलजी, सैमसंग, सोनी, यूरेका फोर्ब्स, व्हर्लपूल और कई अन्य प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडों पर 26,000 रुपये तक का कैशबैक। बोस के स्पीकर पर 10 प्रतिशत की छूट 6,000 रुपये तक और जेबीएल के चुनिंदा उत्पादों पर 12,000 रुपये तक का 25 प्रतिशत तत्काल कैशबैक। ग्राहक रिलायंस डिजिटल, क्रोमा और विजय सेल्स पर भी आकर्षक छूट का लाभ उठा सकते हैं।


# रेपो रेट 6.5% पर स्थिर, ब्याज दरों में नहीं होगा कोई बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की समीक्षा का शुक्रवार को एलान कर दिया गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि इस बार भी रेपो रेट



में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस तरह RBI ने अपनी पिछली पांच मौद्रिक नीति समीक्षा बैठकों से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट में आखिरी बदलाव फरवरी 2023 में किया गया था। उस समय रेपो रेट बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया था। तीन दिन चली समीक्षा बैठक को लेकर उम्मीद की जा रही थी कि आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) मौजूदा रेपो दर को बनाए रखने का फैसला कर सकती है। रेपो रेट में बदलाव नहीं होने का मतलब है कि होम लोन दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। ब्याज दरों में इस स्थिरता से कर्ज लेने वालों, विशेषकर होम लोन लेने वालों को राहत मिलने की संभावना है।

# एलपीजी गैस कनेक्शन को फटाफट आधार से करें लिंक, घर बैठे मिलेंगे फायदे






**नई दिल्ली।** एलपीजी गैस कनेक्शन को आधार कार्ड से लिंक करना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर सब्सिडी का लाभ मिलेगा। यदि आपका एलपीजी कनेक्शन आधार से लिंक नहीं है तो आपको मशक्कत करने की जरूरत नहीं है। आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। गैस कनेक्शन को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए ढ्ढ्ढ्ढ की वेबसाइट पर जाना होगा। फिर सेल्फ सीडिंग पेज पर जाएं। पूछी गई जानकारी ध्यान से भरें। फिर एलपीजी का चयन करना है। अब गैस कंपनी दर्ज करना होगा। अब आपके सामने वितरकों की लिस्टआएगी। इसमें डिस्ट्रीब्यूटर चुनें। फिर गैस कनेक्शन नंबर, मोबाइल नंबर, आधार नंबर और मेल आईडी दर्ज करें। अपने ओटीपी के साथ सत्यापित करें। आपका आधार कार्ड एलपीजी गैस कनेक्शन से लिंक हो जाएगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)